GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

Directorate Elementary Education
मौलिक शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

E-mail: elementaryps@gmail.com - Site: www.harprathmik.gov.in

ई–मेल
सेवा में,

राज्य के सभी,
जिला शिक्षा अधिकारी तथा
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

यादी कमांक– 33 / 1–2025 पी0एस0 (ई0–1)
दिनांक पंचकूला :– 28.03.2025

विषय:– **नियम 134–ए के अंतर्गत वर्ष 2015–16 से 2019–20 व 2021–22 में दाखिल / पदोन्नत हुए छात्रों की फीस की प्रतिपूर्ति हेतु 609 प्राईवेट स्कूलों के मान्यता सम्बन्धी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करवाने बारे।**

****

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में आपको सूचित किया जाता है कि नियम 134–ए के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2015–16, 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–20 व 2021–22 के दौरान कक्षा दूसरी से आठवीं तक मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में दाखिल / प्रमोट हुए छात्रों की बकाया फीस प्रतिपूर्ति राशि के क्लेम माँगने बारे पोर्टल खोला गया था। शाखा स्तर पर पोर्टल पर अपलोड सम्बन्धित स्कूलों के मान्यता सम्बन्धित दस्तावेज सत्यापित किये गए, जिनमें से 609 प्राईवेट विद्यालयों के मान्यता सम्बन्धी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड न होने के कारण उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया था। अब इन विद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए मान्यता के दस्तावेज लिंक http://117.239.183.208/FEE134_609_Recognition_March2025/ पर अपलोड करवाने हेतु पोर्टल को **दिनांक 28.03.2025 से 10.04.2025 तक** खोला जा रहा है।

अतः 609 प्राईवेट विद्यालयों की सूची भेजते हुए आपसे अनुरोध है कि अपने–अपने जिले से सम्बन्धित प्राईवेट विद्यालयों को निर्देश दें कि सभी सम्बन्धित विद्यालय विभाग द्वारा जारी **मान्यता प्रमाण पत्र** तथा **यदि विद्यालय का नाम बदला गया है तो उससे सम्बन्धी पत्र की प्रति निर्धारित तिथि तक पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें जो कि स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य हों** ताकि बकाया फीस प्रतिपूर्ति बारे आगामी कार्यवाही की जा सके।

नोट:– **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित किसी भी तकनीकी कठिनाई / प्रश्न के लिए, आवेदक सभी कार्य दिवसों में सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक MIS हेल्पडेस्क नंबर 0172–5049801 पर कॉल कर सकते हैं व ई–मेल hryedu.fee134@gmail.com पर भी संपर्क किया जा सकता है। । हेल्पलाइन से संपर्क करते समय MIS स्कूल कोड को अपने पास रखें।**

Berwal 28/3/25

ए0आर0ओ0–कम उप अधीक्षक पी0एस0,
कृते: महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला।

पृष्ठांकन कमांक सम– **दिनांक–**

उपरोक्त की एक प्रति उपनिदेशक, आई0टी0सैल को भेजते हुए अनुरोध है कि नियम 134–ए के तहत पोर्टल को दिनांक **28.03.2025 से 10.04.2025** तक खुला रखा जाए।

ए0आर0ओ0–कम उप अधीक्षक पी0एस0,
कृते: महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला।